तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

खबर संक्षेप

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम जोबा में एक युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। जोबा का लक्ष्मीनारायण राजपूत 20 अक्टूबर को अपने दोस्त मुकेश गायकवाड, हर्ष सोनवानी, केशव ध्रुव के साथ दो मोटर सायकलों पर रायपुर जा रहे थे। शाम 6 से 6.30 बजे के मध्य उसकी मोटर सायकल पंचर हो गई। जिस पर वह ग्राम अछोला स्कूल के सामने के ऑटो पार्ट्स में पंचर बनवा रहा था, तभी ग्राम अछोला के अज्जू और कामदेव आये और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने हाथ में रखे ब्लेड से अज्जू ने गले व पीठ में वार किया है तथा कामदेव ने मेरे बांए हाथ में वार कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

हथियार लेकर लोगों को डरा रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस को अनवरपुर के रोहित निषाद ने बताया कि 21 अक्टूबर को वह गांव में रावण दहन कर वापस घर जा रहा था, तभी गांव के गौरा चौरा के पास शैलेंद्र ध्रुव पिता देव सिंह ध्रुव नशे की हालत में अपने हाथ में धारदार लोहे का हथियार लेकर रास्ते में आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे प्रार्थी के साथ चमन पटेल, उमेश साहू ने पकड़ा और उसका हथियार छीन कर डॉयल 112 में सूचना दी। इसके बाद उक्त वाहन के कर्मचारी ने मौके पर पहुंचे और आरोपी को थाने लेकर गए। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

बैंक के सामने खड़ी स्कूटी से 58 हजार पार

महासमुंद। बैंक के सामने खड़ी स्कूटी से नगदी रकम चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को किराना व्यवसायी धरमचंद जैन ने बताया कि 19 अक्टूबर को वह कलेक्शन के नगदी रकम 58130 रुपए को बैग में भरकर अपनी स्कूटी की डिक्की में रखा था, और अपने दुकान जा रहा था। दोपहर करीब 03.25 बजे एक्सिस बैंक बीटीआई रोड महासमुंद के सामने वह अपने स्कूटी को खड़ी कर बैंक अंदर गया था, करीब 03.35 बजे वापस आकर पासबुक रखने के लिए स्कूटी की डिक्की को खोला तो देखा कि डिक्की में रखा न बैग नहीं था। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

विकास कार्य की आड़ में खनिज का अवैध उत्खनन, चेन माउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए मुरूम उत्खनन में लगी चेन माउंटेन मशीन को जब्त कर सील किया है। ग्राम झगरेनडीह से कुशभांठा तक सड़क निर्माण के लिए रामपुर की शासकीय/निजी भूमि से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा था। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के बाद अब मामले में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत झगरेनडीह से कुशभांठा तक सड़क निर्माण का कार्य दीपक अग्रवाल कंपनी, शिवरीनारायण द्वारा कराया जा रहा है।

सड़क निर्माण के लिए रामपुर की शासकीय/निजी भूमि से निकाला जा रहा था मुरूम



पहले भी पकड़ा जा चुका है अवैध उत्खनन

जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के मामलों में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। जून 2025 में मुड़ियाडीह के महानदी क्षेत्र में खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रेत भंडारण के मामले में लगभग 1,400 घनमीटर रेत जब्त की थी। कार्रवाई के दौरान एक चेन माउंटेन मशीन भी जब्त की गई थी। इसी तरह सितंबर 2025 में केडियाडीह क्षेत्र के महानदी तट पर अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेन मशीन पकड़ी गई थी। वहीं, मई 2026 में पिथौरा तहसील के ग्राम बल्दीडीह स्थित जोंक नदी क्षेत्र में केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता और जिला खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन के मामले में दो चेन माउंटेन मशीनें जब्त कर सील की थीं। इसके अलावा रेत परिवहन में लगे तीन हाइवा और चार ट्रैक्टर भी जब्त किए गए थे।

विभाग की टीम ने की कार्रवाई

रामपुर में की गई कार्रवाई के दौरान खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश, सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू तथा सिपाही प्रशांत कालू और मनीष ढीढी उपस्थित रहे। विभाग ने उत्खनन में प्रयुक्त मशीन को जब्त कर सील किया है। प्रकरण में आगे की कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत की जाएगी।

सड़क निर्माण के लिए खनिज निकासी पर निगरानी जरूरी

सड़क निर्माण जैसे सार्वजनिक विकास कार्यों में मुरूम की आवश्यकता होती है। ऐसे में ठेकेदारों द्वारा शासकीय और निजी जमीनों को स्थानीय लोगों या जनप्रतिनिधियों को लालच देकर बिना वैध अनुमति, स्वीकृत क्षेत्र और मात्रा सहित परिवहन जैसे नियमों का खुला उल्लंघन करने से नही चूक रहे हैं। तुमगांव रोड, बीटीआई रोड सहित भारतमाला प्रोजेक्ट में महानदी के आसपास के गांवों बेलसोंडा, मुढ़ैना, परसदा (ब) सहित दर्जनों गांवों से लगातार अवैध उत्खनन हुए। जिसमें स्थानीय प्रतिनिधियों को लाभान्वित किए जाने की बात छिपी नही है।

राज्य के लिए गौरव : यूनेस्को की विश्व धरोहर अस्थाई सूची में शामिल

सिरपुर की समृद्ध विरासत को अब विश्व में मिलेगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और प्राचीन धरोहर सिरपुर की वैश्विक पहचान की ओर बड़ा कदम

जिले की पहचान और राज्य की पुरातात्विक धरोहर सिरपुर अब विश्व के मानचित्र में चमकेगा। जिले की पुण्य सलिला महानदी के तट पर स्थित सिरपुर का अतीत सांस्कृतिक समृद्धि तथा वास्तुकला के लालित्य से ओतप्रोत सिरपुर यूनेस्को के विश्व धरोहर की संभावित सूची में सिरपुर को शामिल किया गया है। सिरपुर प्राचीनकाल में श्रीपुर के नाम से विख्यात रहा है तथ पांडुवंशी शासकों के काल में इसे दक्षिण कोसल की राजधानी होने का गौरव प्राप्त रहा है। सिरपुर की प्राचीनता का सर्वप्रथम परिचय शरभपुरीय शासक प्रवरराज तथा महासुदेवराज के ताम्रपत्र से उपलब्ध होता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहर सिरपुर को यूनेस्को के विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है। यूनेस्को के आधिकारिक वेबसाइट पर तीसरे क्रम पर सिरपुर को सूचीबद्ध किया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा 01 जनवरी 2026 को ऐतिहासिक स्थल सिरपुर के पुरातात्विक स्थलों का अवलोकन किया गया था। तत्पश्चात उन्होंने कहा था कि इन स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य किया जाएगा और सिरपुर को यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल करने प्राथमिकता से प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।



यूनेस्को विश्व धरोहर के टेंटेटिव सूची में सिरपुर हुआ शामिल

बागबाहरा। विश्व धरोहर की टेंटेटिव लिस्ट में सिरपुर के शामिल होने पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं डायरेक्टर डॉ अमुजुरी विश्वनाथ ने कहा कि विश्व धरोहर की सूची में शामिल होने का यह प्रथम चरण है। इसके बाद द्वितीय चरण में विस्तृत नामांकन, तृतीय चरण में विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन तथा चौथे चरण में यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति का निर्णय शामिल होता है। सोसाइटी के डायरेक्टर ने बताया कि विश्व धरोहर स्थल में सिरपुर को शामिल होने पर भारत तथा छत्तीसगढ़ का विरासत एवं संस्कृति विश्व पटल पर दिखाई देगी, जिसका पर्यटन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को आर्थिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक तौर पर विकसित होगा।

सिरपुर को यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर पूर्व विधायक ने जताई प्रसन्नता

महासमुंद। ऐतिहासिक नगरी सिरपुर को यूनेस्को की विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में शामिल किए जाने पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि इसके लिए लंबे समय से प्रयास जारी रहे। अस्थायी सूची में स्थान मिलना इस दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है। अब केंद्र और राज्य सरकार को सिरपुर को स्थायी विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। सिरपुर को स्थायी विश्व धरोहर का दर्जा मिलता है, तो इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे।



विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया जाना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय: योगेश्वर



महासमुंद। सिरपुर को विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया जाना छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह हमारे प्रदेश की समृद्ध सभ्यता, गौरवशाली इतिहास और प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सिरपुर केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की अमूल्य ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि सिरपुर को विश्व धरोहर की संभावित सूची में स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि हमारी ऐतिहासिक धरोहर में वैश्विक महत्व की अपार संभावनाएँ हैं। यह उपलब्धि सिरपुर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर और अधिक मजबूती से स्थापित करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार, पर्यटन और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित करने में सहायक होगी।

सिरपुर की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक परिदृश्य

महाशिवगुप्त बालार्जुन के 57 वर्षीय, सुदीर्घ शासनकाल में यहीं अनेक मंदिर, बौद्ध विहार सरोवर तथा उद्यानों का निर्माण करवाया गया। सातवीं सदी ईस्वी में चीन के पर्यटक तथा विद्वान ह्वेनसांग ने सिरपुर की यात्रा की थी। उस समय यहां लगभग 100 संघाराम थे तथा महायान संप्रदाय के 10000 भिक्षु निवास करते थे। महाशिवगुप्त बालार्जुन ने स्वयं शेवमतावलंबी होते हुए भी बौद्ध विहारों को उदारतापूर्वक प्रचुर दान देकर संरक्षण प्रदान किया था। लक्ष्मण मंदिर-यह ईंटों से निर्मित भारत के सर्वोत्तम मंदिरों में से एक है। इसका निर्माण महाशिवगुप्त बालार्जुन की माता वासटा ने अपने दिवंगत पति हर्षगुप्त की स्मृति में करवाया था। माता वासटा मगध के राजा सूर्यवर्मन की पुत्री थी। अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर इस मंदिर का निर्माण काल 650 ईस्वी के लगभग मान्य है। गंधेश्वर मंदिर-महानदी के तट पर स्थित इस मंदिर का प्राचीन नाम गंधर्वेश्वर था। यह सतत पूजित शिव मंदिर है। इसका निर्माण प्राचीन मंदिरों एवं विहारों से प्राप्त स्थापत्य खंडों से किया गया है। मंदिर परिसर में अनेक कलात्मक प्रतिमाएं संरक्षित की गई है। द्वार शाखा के विविध दृश्य है। इन्हीं दृश्यों में रावण के शीर्ष पर गर्दभमुख निर्मित है।

ठगी का नया तरीका, कम्प्यूटर में स्कैन करने के नाम पर करीब तीन लाख के गहने ले भागीं दो महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कंप्यूटर में गहनों को स्कैन करने के नाम पर ग्राम चंदरपुर की महिलाओं से दो अज्ञात महिलाओं ने करीब तीन लाख रुपए के जेवर लेकर चलीं गई। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र का है। रिपोर्ट पर आरोपी महिलाओं के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।
- मामला कोमाखान थाना क्षेत्र का, रिपोर्ट पर आरोपी महिलाओं के विरूद्ध जुर्म दर्ज

कोमाखान पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदरपुर की लीना साहू पति परमेश्वर साहू (24 साल) ने आवेदन दिया है दिनांक 14.10.2026 को एक अज्ञात महिला उसके घर सुबह लगभग 9.30 बजे आई। उस समय घर पर वह (प्रार्थिया), उसकी मेरी सास सुकवारो बाई व देवरानी पूनम साहू थी। उक्त अज्ञात महिला ने बताया कि वह टिन के पुराने व टूटे फूटे पुराने बर्तन लेती है और नये बर्तन बनाकर देती है और मैकिंग चार्ज के रूप में 50 रू लेती है। जिसके चलते उन्होंने एक पुराना कुकर, टिन के तीन बॉटल, दिये।

इसके बाद 15.10.2026 को उक्त अज्ञात महिला अपनी सहेली के साथ आई और एक नया टिन का कढ़ाई दे हुए बोली कि आप लोगों के पास चांदी के जेवरात हो तो दीजिए, जिसके डिजाइन को कंप्यूटर में स्कैन कर बाहर भेजते हैं, उसके एवज में पैसा भी मिलता है, जिस पर उसने और देवरानी ने 02 जोड़ी चांदी की बिछिया वजन 20 ग्राम दिया। अगले दिन 16.10.2026 को उक्त चांदी की बिछिया को दोनों अज्ञात महिलाओं ने वापस कर दिया और कहा कि आप लोगो के पास चांदी के जेवरात का अच्छा डिजाइन हो तो दो उसेक कंप्यूटर में स्केन कर वापस करेंगे। जिस पर उन्होंने एक जोड़ी चांदी का पायल वजन करीबन 12 तोला को निकालकर उक्त दोनों महिलाओ को दे दिया। दिनांक 17.10.2026 को करीबन 11.30 बजे उक्त दोनों अज्ञात महिलाएं घर आईं और दिये हुए चांदी के पायल को वापस कर उसके साथ गिफ्ट के रूप में एक टिफिन, एक कुकर एवं 500 रुपए नगद दिए। साथ ही कहा कि अच्छा डिजाइन का सोने चांदी का जेवरात हो तो दो कंप्यूटर में स्कैन कर वापस कर देंगे, जिसके एवज में आप लोगो को 40– 40 हजार रुपए मिलेंगे। तब प्रार्थिया ने अपना पुरानी इस्तेमाली 10 नग सोने के लॉकेट वजन लगभग 10 ग्राम कीमत 60000 रुपए , एक जोड़ी चांदी का बड़ा पायल वजन लगभग 120 ग्राम कीमत 15000 रुपए, एक जोड़ी सोने की बाली वजन 05 ग्राम कीमत 30,000 रुपए व सास सुकवारो बाई ने 7 नग सोने का तुलसी पत्ता जैसे बना लॉकेट वजन लगभग 10 ग्राम कीमत 60000 रुपए, सोने का एक जोडी टॉप्स वजन लगभग 5 ग्राम कीमत 30,000 रुपए व एक जोड़ी चांदी की ऐंठी 250 ग्राम कीमत 25,000 रुपए एवं देवरानी पूनम साहू ने अपने सोने के एक जोड़ी झुमका वजन 3.5 ग्राम कीमत 21000 रुपए, सोने का 08 नग लॉकेट वजन लगभग 08 ग्राम कीमत 48000 रुपए व चांदी का हाफ करधन वजन लगभग 50 ग्राम कीमत 10,000 रुपए कुल कीमत 2,99,000 रुपए को दे दिए। जिसे उक्त दोनों अज्ञात महिलाएं लेकर चली गई। एक-दो दिन तक इंतजार करने पर जब वे वापस नहीं आईं तो उन्होंने थाने में इसकी रिपोर्ट लिखाई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी महिलाओं के विरूद्ध धारा 318(3), 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

परसदा में पुलिस स्मृति दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

शहीद जवानों को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कर्तव्य की राह पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले देश के वीर जवानों के सम्मान में परसदा स्थित पुलिस लाइन के शहीद स्मारक स्थल पर 67वां राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस अत्यंत गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि खाकी के उस शौर्य, सर्वोच्च त्याग और अटूट देशभक्ति का प्रतीक है, जिसकी कहानी आज भी हर नागरिक के दिलों में जीवंत है।

शोकसभा के दौरान महासमुंद पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संवेदनशील और गौरवमयी माहौल में देश की विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के उन 154 शहीद जवानों के नामों का वाचन किया, जिन्होंने बीते एक वर्ष (1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक) में देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान की। इस अवसर पर जिले के उन 19 वीर शहीद पुलिस जवानों को भी विशेष रूप से याद कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। नाम वाचन के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस महकमे ने शहीद स्मारक पर पुष्प-गुच्छ अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

ज्ञातव्य हो कि पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों से जुड़े तमाम जवान इस दिन को पुलिस शहीदी दिवस के रूप में भी जानते और याद करते हैं। इस वर्ष पूरे देश में आज 67वां पुलिस स्मृति दिवस मनाया जा रहा हैं। इस दिन देशभर के पुलिस बल चाहे वह राज्य पुलिस हो, केंद्रीय सुरक्षा बल या फिर अर्ध सैनिक बल, सभी एक साथ मिलकर इस दिन को खास नजर से देखते हैं। पुलिस स्मृति दिवस को मनाने के पीछे शोक, समर्पण त्याग, बहादुरी की मिसाल कि वह कहानी छिपी है, जो आज भी धूमिल नहीं पड़ी है।





स्थानीय परसदा पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया, इस दौरान जिले से 19 पुलिस जवान शहीद हुए हैं, जिन्हें पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर याद का श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित जिले के 19 शहीद पुलिस जवानों के परिवार के सदस्यों से चातुरीनंद विधायक सरायपाली, योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, भीखम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत, विनय कुमार लंगेह कलेक्टर, प्रभात कुमार पुलिस अधीक्षक व मनीषा ठाकुर रावटे सेनानी 20वीं वाहिनी छ.स.बल ने मुलाकात कर हाल-चाल व बच्चों की शिक्षा एवम स्वस्थ के संबंध में जानकारी ली गयी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, सहायक सेनानी दिनेश्वरीनंद, एसडीएम अक्षा गुप्ता, एसडीओपी (पिथौरा) अजीत ओगरे, एसडीओपी (सरायपाली) चंद्रशेखर परमा, रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप, निरीक्षक महेश साहू, निरीक्षक आकाश मसीह सहित जिले के अनेक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी विशेष रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने देश के रक्षकों की शहादत को नमन किया।

च्वाइस सेंटर संचालकों के बैंक खातों में जमा कराई साइबर फ्रॉड की राशि

महासमुंद। साइबर फ्रॉड की रकम को च्वाइस सेंटर संचालकों के खाते में जमा कराने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। रायपुर रोड एचडीएफसी बैंक के पास पूनम च्वाइस सेंटर के संचालक मोहनलाल देवांगन पिता प्रेमशंकर देवांगन (42 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि 15.09.2026 को दोपहर करीबन 03 से 03:30 बजे के मध्य ब्लू कलर के एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएच 4061 में सवार एक व्यक्ति उसके सेंटर में आया और कहा आपके क्यूआर कोड में पैसा डलवाउंगा, जिसके बदले में कैश अमाउंट दे देना। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने क्यूआर कोड का फोटो अपने मोबाइल में लेकर किसी अन्य व्यक्ति को दिया, उसके बाद उक्त व्यक्ति के द्वारा मेरे खाते में कुल 11,700 रू व 30,000 रू कुल 41700 रुपए ट्रांसफर किए और नगद रकम लेकर चला गया। दूसरे दिन 16.09.2026 को च्वाइस सेंटर संचालक के बैंक खाता में होल्ड लग गया, जब उसने बैंक जाकर पता किया तो जानकारी हुई कि उसके दोनों बैंक अकाउंट में पेनकार्ड नंबर लिंक होने से दोनों खातों को होल्ड लग गया है। उसके कुछ दिन बाद प्रार्थी को पता चला कि महासमुंद जिले के बिरकोनी निवासी त्रिलोक कुमार दीवान, तुमगांव निवासी रामसिंग सेवई, खैरझिटी निवासी चेतन कुमार गायकवाड के साथ भी उसी व्यक्ति के द्वारा धोखाधड़ी किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार से धोखाधडी कर नगदी रकम लेकर सायबर फ्रॉड की रकम को च्वाइस सेंटरों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराया गया, जिससे उनका भी बैंक अकाउंट होल्ड हो गया है। मामले की रिपोर्ट पर उक्त अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 317(4), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी प्रकार दूसरे मामले में त्रिलोक कुमार दीवान पिता रिखीराम दीवान (36 वर्ष) ग्राम बिरकोनी ने पुलिस को बताया कि वह बिरकोनी छत्तीसगढ़ कपड़ा के बाजू में दीवान डिजिटल सेवा केंद्र का संचालक है। 29.09.2026 की दोपहर करीबन 01:43 बजे ब्लू कलर के एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएच 4061 में सवार एक व्यक्ति मेरे सेंटर में आया और कहा कि अपने मालिक से पैसा मंगवा रहा हूं, मेरे खाते में लोन का पैसा कट जाएगा, इसलिए मैं अपने खाते में नहीं डलवा रहा हूं कहकर च्वाइस सेंटर के क्यूआर कोड का फोटो अपने मोबाइल में खींचकर किसी दूसरे व्यक्ति को भेजा। लेकिन उसमें पैसा ट्रांसफर नहीं होन पर मोबाइल नंबर मांगा और उसे अन्य व्यक्ति को भेजा। कुछ समय बाद उक्त व्यक्ति के द्वारा 16,000 रुपए भेजा गया। इसके बाद वह व्यक्ति प्रार्थी से नगद रकम लेकर चला गया। दूसरे दिन 30.09.2026 को उसके आईडीएफएसी फर्स्ट बैंक व एसबीआई खातों में होल्ड लग गया। बैंक जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उसके खाता में फ्रॉड की रकम आने से खाता होल्ड कर दिया गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 317(4), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

2013-18 के पूर्व विधायक, 2014-19 के पूर्व सांसदों के साथ भी वन-टू-वन करेंगी प्रदेश प्रभारी स्मृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो बार के प्रदेश संगठन के पुराने पदाधिकारियों को भी बुलावा

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 25 और 26 अक्टूबर को रायपुर में प्रदेश भाजपा संगठन की मैराथन बैठकें लेने वाली हैं। इस बैठक में बड़ा फोकस मिशन 2028 यानी विधानसभा का चुनाव रहेगा।

यही वजह है कि प्रदेश में दो बार के विधायक जो 2013 और 2018 में जीते थे और दो बार के पूर्व सांसद जो 2014 और 2019 में जीते थे, इनके साथ प्रदेश प्रभारी की वन टू वन बात होगी। प्रदेश संगठन इनकी सूची बनाकर इनको बैठक की सूचना देगा। इसी के साथ प्रदेश संगठन में भी पिछले दो कार्यकाल के पदाधिकारियों को बुलाया जा रहा है। इनके साथ भी प्रदेश प्रभारी की बैठक होगी।

भाजपा हमेशा से ही भी राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर काफी पहले से तैयारी करती है। यहां भी काफी पहले से तैयारी चल रही है। अब इस तैयारी को नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के आने के बाद और तेज किया जाएगा। प्रभारी बनने के बाद स्मृति ईरानी का पहला दौरा इस माह हो रहा है। इस दौरे में संगठन को मजबूत करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2028 को लेकर भी मंथन होगा।





पूर्व विधायक और सांसदों को बुलाया जा रहा

बैठकों के दौर में अलग-अलग बैठकें होगी। इसमें सरकार के मंत्रियों, विधायकों और सांसद, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, संभाग और जिलों के प्रभारी सह प्रभारियों के साथ तो बैठक होगी ही, लेकिन इसी के साथ पूर्व विधायक और सांसदों के साथ भी बैठक की रणनीति बनाई गई है। भाजपा हमेशा से ही पुराने नेताओं को भी साथ लेकर चलती है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी के दौरे में प्रदेश के ऐसे पूर्व विधायक और सांसदों को बुलाया जा रहा है, जिनका कार्यकाल लगातार दो बार का रहा है। इनके साथ प्रदेश प्रभारी अलग से बैठक करेंगी और इनके साथ रायशुमारी होगी। इनसे पूरा फीडबैक लिया जाएगा। इसी के साथ कई पुराने नेताओं को जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। इस समय प्रदेश में ऐसे कई पूर्व सांसद और विधायक हैं जिनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है, इनकी जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इसी के साथ प्रदेश संगठन में विभिन्न पदों को पिछले दो कार्यकाल में जो रहे हैं, उनको भी बुलाया जा रहा है। इसमें से कई जहां वर्तमान में पदों पर हैं, वहीं कई मंत्री और विधायक भी बन गए हैं। ये तो बैठकों में रहेंगे ही लेकिन जिनके पास इस समय कोई पद नहीं है, उनको भी बुलाया गया है।

खबर संक्षेप



सीएम ने जशपुर विधायक का जाना हालचाल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर के एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहीं जशपुर विधायक रायमुनी भगत से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली।
मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती भगत के शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हुए कामना की कि वे जल्द स्वस्थ होकर नई ऊर्जा और समर्पण के साथ पुनः जनसेवा में सक्रिय हों।

सांसद बृजमोहन ने किए मां जगदम्बा के दर्शन

रायपुर। शारदीय नवरात्रि की



महानवमी पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी के विभिन्न दुर्गोत्सव पंडालों और धार्मिक स्थलों में पहुंचकर मां जगदम्बा के दर्शन किए। उन्होंने बोरियाकला स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम और माना कैंप में बंगाली समाज द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव में शामिल होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शंकराचार्य आश्रम में की विशेष पूजा-अर्चना महानवमी के अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बोरियाकला स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने मां जगदम्बा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और उपस्थित संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद ने आश्रम के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यहां की दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा मन को अपार शांति प्रदान करती है।

मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम ने 400 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान



रायपुर। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम की ओर से शहीद स्मारक भवन, रायपुर में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 400 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और फोरम की मैगजीन प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, टॉपर्स को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली के सेंटर फॉर स्टडी एंड रिसर्च के निदेशक, शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं लेखक डॉ. मोहम्मद रिजवान प्रेरक वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सैयद अकील ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागपुर के प्रो. मोहम्मद अय्यूब खान ने की। विशेष अतिथि के रूप में भिलाई के डॉ. जावेद रिजवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती फरहीन और मुस्कान अग्रवाल ने भी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे।समारोह में फोरम के अध्यक्ष शकील अहमद, सचिव आबिद खान, शफीक मुबारक गौरी, नजर हुसैनी, जफर अमजद, रफीक, अंसार, अकबर, रजा, हशीम, राशिद सिबली, मूसा भाई सहित फोरम के संस्थापक सदस्य और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप, शहर के 12 ब्लॉक में बंटा पर्चा

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान, सड़क पर उतरने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और 12 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों ने दशहरा के अवसर पर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारे के साथ आम नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों से लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन में शामिल होने की अपील की।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए देशभर में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। छत्तीसगढ़ में भी करीब 26 लाख मतदाताओं के नाम हटाने का दावा करते हुए पार्टी ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। अपील में भाजपा पर विपक्ष को कमजोर करने, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने नागरिकों से मतदाता सूची की जांच करने, पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने तथा सड़क और सामाजिक माध्यमों के जरिए लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।



विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों से नागरिकों के मतदान के अधिकार पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस ने इन आरोपों के आधार पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। कांग्रेस की अपील में आरोप लगाया गया है कि भाजपा पिछले 12 वर्षों में केंद्रीय एजेंसियों और कथित दुष्प्रचार के माध्यम से विपक्षी दलों को कमजोर करने का प्रयास करती रही है।

इन ब्लॉक अध्यक्षों ने बांटे पर्चे

यह अपील रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम से जारी की गई है। शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओम श्रीवास, विजय टंडन संत कबीर दास ब्लॉक, हिरेंद्र देवांगन संत माता कर्मा ब्लॉक, अरविंद दीक्षित ब्लॉक अर्जुमन ढेबर, विनोद सिंह खुबचंद् बघेल ब्लॉक, सुयश शर्मा लक्ष्मी नारायणदास ब्लॉक, देव साहू सरदार् बल्लभ भाई पटेल ब्लॉक, भगत सिंह ब्लॉक सुधा सरोज, कन्हैयालाल बाजारी वार्ड किशन बाजारी, गुरु घासीदास वार्ड मिलिंद गौतम, जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक सुजील सिंह, अवंति बाईबाई ब्लॉक कमल धृतलहरे ने पर्चे बांटकर अपील की।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी आंदोलन का दावा

बैज ने प्रधानमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग पर हमला तेज कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर एसआईआर के नाम पर देश में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर मामला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजनीतिक हितों को साधने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निष्पक्षता के अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया तत्काल रोकने, मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं के नामों की समीक्षा कर पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने मांग की कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी स्तर पर अनियमितता प्रमाणित होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

कांग्रेस की मांग

दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे अथवा पद से हटाने की मांग के साथ एसआईआर प्रक्रिया रोकने, हटाए गए मतदाताओं के नामों की समीक्षा और पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

पीएससी अध्यक्ष का पद एक माह से खाली, कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने ग्राम तुलसी बाराडेरा में दशहरा उत्सव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर जनजागरण अभियान चलाया और ग्रामीणों को जागरूकता पर्चे बांटे। इस दौरान ग्रामीणों को संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और नाम कटने की स्थिति में दावा-आपत्ति करने की जानकारी दी गई। कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया की मांग की।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के अध्यक्ष का पद करीब एक माह से खाली होने और पीएससी-2025 की मुख्य परीक्षा के बाद साक्षात्कार स्थगित किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार और आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, पीएससी-2025 की सिविल सेवा परीक्षा में 265 पदों के विरुद्ध नियमानुसार 1:3 के अनुपात में 795 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया जाना चाहिए था, लेकिन आयोग ने केवल 608 अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए योग्य माना। इस तरह निर्धारित संख्या से 187 अभ्यर्थी कम रह गए। कांग्रेस ने इसे चयन प्रक्रिया और मूल्यांकन की पारदर्शिता से जुड़ा गंभीर सवाल बताते हुए आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है।

'वोट चोरों के खिलाफ जनजागरण' अभियान



187 अभ्यर्थियों को लेकर आयोग से जवाब मांगा

शुक्ला के अनुसार, आयोग ने न्यूनतम अंकों का हवाला देते हुए इन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अयोग्य बताया है। ऐसे में सवाल उठता है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में कितनी पारदर्शिता बरती गई और अभ्यर्थियों को दिए गए अंकों की निष्पक्षता कैसे सुनिश्चित की गई। उन्होंने मांग की है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं साक्षात्कार से पहले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे अपने मूल्यांकन और प्राप्त अंकों का स्वयं परीक्षण कर सकें।

प्रदेश से बूथ स्तर तक हुआ था संगठन भंग

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन अभी तक नहीं हो सका है। हालांकि, संगठन में बदलाव की प्रक्रिया मई में ही शुरू हो गई थी। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने प्रदेश से लेकर जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक की पुरानी कार्यकारिणियों को भंग कर नए सिरे से संगठन खड़ा करने का फैसला लिया था।

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के तहत संजारी बालोद की कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा को मई में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्हें स्थायी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से संगठनात्मक ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई। महिला कांग्रेस



द्वारा सभी जिलों में कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक की जानी थी, वह पूरी नहीं हो पायी। बताया जाता है कि आने वाले समय में जल्द जिलों की बैठक कर प्रक्रिया को पूरा कर नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा, महिला अधिकार और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में संगठन की भूमिका को लेकर भी नई कार्यकारिणी महत्वपूर्ण होगी।

जिला स्तर पर भी नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी

इस माह के पहले सप्ताह में बिलासपुर में महिला कांग्रेस की बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा हुई थी। संगठन की ओर से जल्द नियुक्तियां किए जाने की बात भी कही गई थी। इसी तरह कुछ जिलों में बैठक कर संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। जिले से लेकर बूथ स्तर तक नियुक्तियों को लेकर इंतजार हो रहा है। चुनाव से पहले नई कार्यकारिणी तैयार कर उन्हें सक्रिय करने की तैयारी है।

नई टीम में किन्हें मिलेगी जगह

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने अपने दौरे कि दौरान नई नियुक्तियों के लिए संगठनात्मक सक्रियता, सदस्यता अभियान में योगदान, जनसंपर्क और संघर्षशील भूमिका को प्रमुख आधार बताया था। ऐसे में नई कार्यकारिणी में सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को स्थान देने पर जोर दिया जा रहा है।

म्यूनिसिपल बॉन्ड, पीपीपी मॉडल और निजी निवेश से विकास परियोजनाओं को गति देने पर होगा मंथन

शहरों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, निवेश जुटाने दो एमओयू करेगा नगरीय प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरों में आधुनिक अधोसंरचना के विस्तार, सुनियोजित विकास और नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार वित्तीय संसाधन जुटाने के नए विकल्पों पर काम कर रही है। इसी दिशा में बुधवार, 21 अक्टूबर को नवा रायपुर में अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) और शहरी अधोसंरचना के वित्तपोषण पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह 10 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, हुडको और सेप्ट यूनिवर्सिटी के बीच दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवा रायपुर स्थित होटल मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यशाला में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। हुडको और राज्य शासन का नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संयुक्त रूप से इसका आयोजन कर रहे हैं। देशभर के शहरी विकास, वित्तीय प्रबंधन और अधोसंरचना क्षेत्र के विशेषज्ञ इसमें हिस्सा लेकर शहरों के विकास के लिए निवेश जुटाने की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

हुडको और सेप्ट यूनिवर्सिटी के साथ होगा समझौता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा हुडको तथा सेप्ट यूनिवर्सिटी के साथ दो अलग-अलग एमओयू किए जाएंगे। इन समझौतों से नगरीय निकायों की संस्थागत और वित्तीय क्षमता मजबूत करने, आधुनिक शहरी नियोजन को बढ़ावा देने तथा निवेश आधारित अधोसंरचना परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलने की उम्मीद है। हुडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ कार्यशाला में मुख्य वक्तव्य देंगे।



निवेश आधारित विकास पर रहेगा जोर

शहरों में सड़क, जलापूर्ति, आवास और अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़े वित्तीय संसाधनों की जरूरत होती है। ऐसे में कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नगरीय निकायों को पारंपरिक सरकारी अनुदानों के अतिरिक्त संस्थागत वित्त, निजी निवेश और आधुनिक वित्तीय साधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाना है। म्युनिसिपल बॉन्ड, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), अर्बन चैलेंज फंड और अर्बन इन्वेस्ट विंडो (यूआईविन) के जरिए परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के तरीकों पर विशेष चर्चा होगी।

तीन तकनीकी सत्रों में वित्तीय मॉडल पर चर्चा

कार्यशाला में दोपहर 12 बजे से तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले सत्र में हुडको के महाप्रबंधक डॉ. विवेक अर्बन चैलेंज फंड और अर्बन इन्वेस्ट विंडो की अवधारणा तथा उनके उपयोग की संभावनाओं पर जानकारी देंगे। तेलंगाना शासन की सचिव डॉ. टी.के. श्रीदेवी वहां शहरी बदलाव और विकास के अनुभव साझा करेंगी। दूसरे सत्र में परियोजनाओं की अवधारणा तैयार करने, निर्माण प्रक्रिया और डीपीआर निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा होगी।

म्यूनिसिपल बॉन्ड से संसाधन जुटाने पर मंथन

शाम 4:15 बजे शुरू होने वाले तीसरे तकनीकी सत्र में टिपसन्स के उमेश खंडेलवाल म्यूनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से शहरी विकास के लिए धन जुटाने की संभावनाओं पर जानकारी देंगे। इसके बाद हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख हितेश बोरड अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत निवेश योग्य शहरी अधोसंरचना और किफायती आवास परियोजनाओं के लिए उपलब्ध वित्तीय सुविधाओं की जानकारी देंगे।

आत्मनिर्भर नगरीय निकायों की दिशा में पहल

राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य नगरीय निकायों को विकास परियोजनाओं के लिए नए वित्तीय विकल्पों से परिचित कराना और उन्हें निवेश आकर्षित करने योग्य बनाना है। यदि इन वित्तीय मॉडलों का प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तो शहरों में आधुनिक अधोसंरचना, किफायती आवास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के अवसर बढ़ सकते हैं।

खबर संक्षेप

निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 को

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के संदर्भ में पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 02 नवंबर 2026 तक किया जाना है तथा निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया जाकर इसी तिथि से आगामी 11 दिसंबर 2026 तक दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 28 दिसंबर 2026 तक दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सभी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उक्त कार्यक्रम का स्वीप गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं।

कोसरिया यादव समाज की बैठक 25 को

धमतरी। छत्तीसगढ़ जिला कोसरिया यादव समाज धमतरी की पूर्व स्थगित बैठक 25 अक्टूबर को सत्संग भवन गोकुलपुर में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव एवं जिला सचिव रामेश्वर यादव ने बताया कि बैठक में समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं संगठित बनाने, वित्तीय वर्ष 2026-27 की राशि जिला कोषालय में जमा करने तथा जिला स्तरीय गीता जयंती और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से भेंट-मुलाकात के विषय पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

भाजपा शहर मंडल महासमुंद की सातों मोर्चों की हुई महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल महासमुंद द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में सातों मोर्चों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला संगठन प्रभारी जयंती भाई पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधानसभा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सातों मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारीगण शामिल हुए।

जिला संगठन प्रभारी जयंती भाई पटेल ने अपने उद्बोधन में संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। सभी मोर्चों के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाएं। उन्होंने नियमित बैठकों, जनसंपर्क और संगठन के कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि सातों मोर्चे संगठन की महत्वपूर्ण इकाइयां हैं। मोर्चों की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठनात्मक गतिविधियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा की पहचान उसके समर्पित कार्यकर्ताओं और जनसेवा की भावना से है। सभी मोर्चों के पदाधिकारी केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं तथा जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करें। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने में सातों मोर्चों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक मोर्चे के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करें तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति दें। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित संवाद और सामूहिक प्रयास से संगठन के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने और जनसंपर्क के माध्यम से आम जनता के बीच निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी, मोर्चों की सक्रियता बढ़ाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा तथा आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री मीना वर्मा ने किया। बैठक में सातों मोर्चों के अध्यक्ष राकेश सचदेवा, मधु यादव, नारायण साहू, माखन पटेल, पंकज कचना, नेहरू बघेल आदि मौजूद रहे।

बिरकोनी में रास गरबा के साथ छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बिरकोनी में आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति एवं नीलम साहू द्वारा रास गरबा का आयोजन किया गया। साथ ही गांव के कक्षा प्रथम से लेकर बारहवीं तक प्रथम, द्वितीय उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलआईसी के चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर राकेश झाबक एवं एलआईसी अभिकर्ता योगेश गंडेचा, योगेश जैन एवं व्यापारी ऋषभ जैन रहे। जिसमें पहली में प्रथम लक्ष्मी यादव, द्वितीय चंद्रकांत साहू, दूरी प्रथम खोमन लाल साहू, द्वितीय पूरब साहू, तीसरी प्रथम भूमिका साहू, द्वितीय तुषारिका पटेल, चौथी प्रथम दुर्गा ढीढी, द्वितीय - कुलेश्वरी ढीढी, पांचवी प्रथम टीना साहू, द्वितीय तोमन साहू, छठवी प्रथम कविता निषाद, द्वितीय करुणा साहू, सातवी प्रथम एकता साहू, द्वितीय सुभांगिनी मंडलोई, आठवी में प्रथम पूर्वा साहू, द्वितीय दीपिका साहू, नवमीं प्रथम धाऊ यादव, द्वितीय आमिनी साहू, 10वीं प्रथम निहाल साहू, द्वितीय उमेश्वरी, 11वीं प्रथम खिलेश्वरी, सुजल, द्वितीय तारणी, 12वीं में प्रथम अतुल कुमार एवं द्वितीय उर्वशी पटेल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य विष्णु साहू, शंभू साहू, सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

पटवारियों की हड़ताल से धान खरीदी पर संकट, राजस्व व्यवस्था चरमराईः विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी और हर वर्ग के लिए नुकसानदायक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मनमानी और अव्यवहारिक आदेशों के चलते प्रदेश हड़ताल का गढ़ बनता जा रहा है और इसका सीधा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ऐन धान खरीदी के पहले हर साल किसानों को किसी न किसी बहाने परेशान किया जाता है।

पूर्व विधायक ने कहा कि राजस्व पटवारियों की बेमियादी हड़ताल से पूरे प्रदेश में जमीनी राजस्व व्यवस्था ठप हो गई है। पटवारी राजस्व विभाग के नए पीवी ऐप अर्थात फिजिकल वेरिफिकेशन ऐप के जरिए डिजिटल सर्वे और जीपीएस फोटो अपलोड करने की बाध्यता का विरोध कर रहे हैं। इस ऐप में लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं, सर्वर डाउन रहना, लोकेशन मैच न होना और फसलों के भौतिक सत्यापन में व्यवहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं। पटवारी संघ पहले ही सरकार को इन दिक्कतों से अवगत करा चुका था, लेकिन गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। यह विरोध जायज है।

उन्होंने कहा कि इसका सबसे बुरा असर धान बेचने की तैयारी कर रहे किसानों पर पड़ रहा है।

सोलर प्लांट में आई खराबी को तत्काल किया दुरुस्त

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद विभाग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)



बारनवापारा क्षेत्र के ग्राम बार में स्थापित 25 किलोवाट सोलर पावर प्लांट में आई खराबी का एक माह बाद भी सुधार नहीं किया जा सका था। अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को केवल आश्वासन ही मिल रहा था। सौर सिस्टम में सुधार नहीं होने से ग्रामीण घुप्प अंधेरे में रात बिताने को विवश थे।

ग्रामीणों में सिस्टम के प्रति आक्रोश व्याप्त था। ग्रामीणों का कहना था कि शायद उनके आक्रोश से जिम्मेदार जाग जाएं और प्लांट की खराबी सुधार कर उनके अंधेरे को मिटा सकें। ग्रामीणों की इस समस्या को हरिभूमि में जब हमने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की, तब जाकर अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लिया है। इस सोलर प्लांट के वैकल्पिक व्यवस्था के लिए 10 किलोवाट और 8 किलोवाट के दो इनवर्टर की व्यवस्था के साथ विद्युत आपूर्ति की बहाली दिखाई दी है। बुधवार को धरातल पर सुधार का काम करते देखा गया है। जानकारी यह भी है कि इस काम के लिए पहुंचे एक मैकेनिक का भोजन व्यवस्था के साथ ही सुधार कार्य में सहयोग करने वाले स्थानीय स्तर के लोगों का भुगतान पंचायत द्वारा किया जाएगा।

मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने धूमधाम से किया प्रतिमा विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर के वार्ड क्रमांक 03 अयोध्या नगर में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ माता विसर्जन के रूप में किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला। माता विसर्जन के दौरान भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। आयोजन के दौरान क्षेत्र में उत्सव एवं धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा। समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समिति के सदस्यों एवं वार्डवासियों के सहयोग से आयोजन को भव्य और सफल बनाया गया। इस अवसर पर पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, नागरिकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने मां महामाया से समस्त नगरवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक, शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



महासमुंद। बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर परसदा (ब) पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन करते हुए उनके बलिदान को सदैव स्मरणीय बताया। इस दौरान उपस्थित शहीद जवानों के परिवार का सम्मान भी किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पुलिस के जवान विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधों पर नियंत्रण रखने और समाज में शांति बनाए रखने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है। कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जवानों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर जवानों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और समाज में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की परवाह किए बिना कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनका साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस दौरान सरायपाली विधायक चातुरी नंद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, भाजपा नेता संदीप दीवान, रमेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी सहित पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

टेक्सी ड्राइवर प्रशिक्षण के लिए आवेदन 24 तक

धमतरी। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टेक्सी ड्राइवर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बातया कि 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम 10वीं पास युवा इस प्रशिक्षण के लिए 24 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

// ईश्तहार //

क्रमांक 568/ न.पा.प./ रा.वि./2026
बागबाहरा, दिनांकः 21/10/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भूमि/भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्रमांक-1, **वार्ड क्रमांक**-01, **प्रकरण क्रमांक**-621, **हस्तांतरितीकर्ता का नाम (क्रेता)**-श्रीमती मीरा बाई श्रवण सिंह, जयपाल सिंह, जीवन सिंह, कृष्ण सिंह, वार्ड क्रमांक 01 भानपुर, **हस्तांतरण कर्ता का नाम (विक्रेता)**-स्व. गंगा बाई, पति-स्व श्री वृन्दा सिंह वार्ड क्रमांक 01 भानपुर, **हस्तांतरण का स्वरूप**-मृत्यु प्रमाण पत्र।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बागबाहरा

न्यायालय श्रीमान सप्तम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

(पीठासीन अधिकारी - श्रीमती श्रुति दुबे)
// ईश्तहार //
प्र.क्र.- 264, 265
वाद क्र. - सिविल अपील/174-अ/2019
शिवशंकर पाण्डेय व अन्य - अपीलार्थीगण
बनाम
रविशंकर पाण्डेय व अन्य - उत्तरवादीगण

प्रति,
1. श्रीमती नेहा मिश्रा पति मयंक मिश्रा निवासी टिकेश्वर महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)
2. श्रीमती गीरजा पाण्डेय पति स्व. जगदीश पाण्डेय निवासी रेल्वे स्टेशन चौक गुरूद्वारा के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा उत्तरवादी को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वादी स्व. शिवशंकर पाण्डेय के विधिक प्रतिनिधियों द्वारा आपके विरूद्ध उक्त न्यायालय में प्रथम अपील का वाद प्रस्तुत किया गया है। यह अपील न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो बिलासपुर छ.ग. द्वारा व्य. वाद क्रं 1200887-अ/2012 शिवशंकर पाण्डेय विरूद्ध रविशंकर पाण्डेय वगैरह में घोषित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 02/08/2019 से व्यथित होकर प्रस्तुत की गई है। आपको न्यायालय के आदेशानुसार पूर्व में समन प्रेषित किया गया था। परंतु आपकी तामीली / उपस्थिति संभव नही हो सकी।

अतः न्यायालय के आदेशानुसार आपको इस पेपर ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/11/2026 दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे उक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष / जवाबदावा प्रस्तुत करें। उक्त तिथि पर उपस्थित न होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(श्रीमती श्रुति दुबे)
सप्तम जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

भलेसर में मारपीट, दो[2]लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। बाइक ओवरटेक करने की बात पर शुरू हुए विवाद के चलते मारपीट की घटना में दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नयापार महासमुंद निवासी चंद्रमणि यादव ने बताया कि 19 अक्टूबर को वह अपने फूफा कुलेश्वर तांडेकर के घर ग्राम भलेसर जा रहा था। सितली नाला के आगे पहुंचने पर टोकेश ध्रुव और सतीश हलवाई ने ओवर टेक करता है कहकर रोका और गाली गलौज कर वहां से चले गए। इस बात की जानकारी उसने अपने फूफा कुलेश्वर तांडेकर को दी, जिस पर रात्रि करीब 09.30 बजे दुर्गा चौक के आगे नयापारा भलेसर में उसके फूफा उन लोगों को समझाने के लिए गए। इस दौरान आरोपी टोकेश ध्रुव और सतीश हलवाई मारपीट करने लगे। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया, तब दोनों ने उसके साथ भी गाली गलौज कर रॉड और डंडे से मारपीट की, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

इंटर हाउस क्रिकेट सीरीज में शिवाय रेड ने मारी बाजी



महासमुंद। शिवाय क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित तीन मैचों की इंटर हाउस क्रिकेट सीरीज में शिवाय रेड ने खिताबी जीत दर्ज की, जबकि शिवाय ब्लू उपविजेता रहा। एकेडमी के हेड कोच तृपेश कुमार साहू (एनआईएस क्रिकेट कोच) के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अनुभव प्रदान करना था। सीरीज में संकल्प रात्रे ने 88 गेंदों पर 166 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट बैट्समैन चुना गया। वहीं भीमा साहू को बेस्ट बॉलर, विभय टंडन को बेस्ट विकेटकीपर तथा मानस डडसेना को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार प्रदान किया गया। आयु वर्ग के पुरस्कारों में अंडर-14 वर्ग से हर्षित वर्मा, अंडर-16 से हेमराज साहू, अंडर-19 से भीमा साहू तथा अंडर-23 वर्ग से लक्ष्य यादव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। विराट मोहंती को इमर्जिंग प्लेयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। हेड कोच तृपेश कुमार साहू ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, मैच का अनुभव हासिल करने और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए स्वयं को तैयार करने का अवसर प्रदान करते हैं।



खबर संक्षेप



रामलीला कलाकारों का सम्मान आज

महासमुंद। दिशा नाट्य कला मंच द्वारा 22 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक स्वाध्याय केंद्र में नाट्कला में रामायण विषय पर व्याख्यान एवं रामलीला कलाकारों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य वक्ता आचार्य ललित मुनि लोक संस्कृति के अध्येता एवं इंडोलॉजिस्ट रायपुर होंगे। अध्यक्षता अधिवक्ता भूपेंद्र राठौर एवं विशेष अतिथि एमएल साहू प्रतिनिधि गायत्री परिवार होंगे। कार्यक्रम का संचालन रूपेश तिवारी करेंगे। इसमें नगर के पं. जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में आयोजित रामलीला के प्रतिभागी कलाकारों का सम्मान होगा। दिशा नाट्य कला मंच के संचालक नरेश साहू ने नगर के सांस्कृतिक प्रबुद्ध नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

मरार पटेल समाज की बैठक 25 को

नर्रा। मरार पटेल समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 25 अक्टूबर रविवार को आहूत की गई है। यह बैठक जिलाध्यक्ष मरार पटेल के आदेशानुसार शाकंभरी भवन सरायपाली (फूलझर राज) में मध्याह्न 12 बजे आयोजित होगी। जिला महासचिव द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक में समाज के विकास एवं उत्थान से जुड़े कई अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। जिला सामाजिक भवन बाउंड्री वॉल निर्माण पर विस्तृत चर्चा एवं योजना, जिलाध्यक्ष की अनुमति से अन्य सामाजिक विकास व जनकल्याणकारी विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने दी है।



धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व, बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में विशाल रावण पुतले का किया गया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

स्थानीय राम जानकी मंदिर समिति बसना के

- आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया गया, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह ने जय श्री राम के जयकारे लगाए

तत्वावधान में सिटी ग्राउंड बसना में विजयादशमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में विशाल रावण पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमान की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान के स्वरूपों का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रामलीला मंचन के बाद आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया गया, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह ने जय राम के जयकारे लगाए। राम जानकी मंदिर समिति के आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरा अनुसार दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों का भरपूर सहयोग मिला।

नर्रा में धूमधाम से मनाया गया शाही दशहरा पर्व, देवी दर्शन करने उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्राम नर्रा में मंगलवार को शाही दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व के दौरान बारहपाली गांव के दिवंगत जमींदार महेंद्र सिंह दीवान के सुपुत्र प्रवेंद्र कुमार दीवान ने जो पिछले दो वर्षों से राजपाठ संभाल रहे हैं, ने देवी पाठमेसरी और शस्त्रों की विधि-विधान के साथ श्वेत पूजा-अर्चना की तथा फूल, पान और श्रीफल अर्पित किए। इस विशेष दिन पर देवी पाठमेसरी के राउर घर स्थित



स्थान पर सुबह से लेकर रात तक दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

रावण दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रम

इस दौरान बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण का पुतला दहन रावणभाठा मैदान में हजारों लोगों की उपस्थिति में किया गया। आकर्षक आतिशबाजी के बीच अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला धूं-धूं कर जल उठा और पूरा परिसर भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर लोगों ने बुराई रूपी प्रवृत्तियों का त्याग कर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विजयादशमी पर्व पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सोनपत्ती भेंट कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा

ग्राम में छः स्थानों पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा बुधवार को डीजे, मांदर की थाप और जसगीत की धुनों के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गांव में वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक अनुष्ठान करने की परंपरा चली आ रही है।



छपोराडीह में धूमधाम से मनाया गया दशहरा महोत्सव, सृष्टि हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम छपोराडीह में आयोजित दशहरा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हीरालाल निषाद ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सभापति सृष्टि मोहित ध्रुव, पूर्व सरपंच गजानंद पटेल, ग्राम अध्यक्ष सोहन लाल निषाद एवं उपाध्यक्ष कृपालु पटेल उपस्थित रहे। सृष्टि ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं और गांव में एकता व भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। महोत्सव के तहत शाम 5 बजे से साजापाली डांस की प्रस्तुति, शाम 7 बजे रामलीला मंचन, रात्रि 8 बजे आतिशबाजी और रात्रि 10 बजे 35 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन पश्चात ग्राम में विजय जुलूस का भ्रमण डीजे के साथ निकाला गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

खरोरा में रावण पुतला का हुआ दहन



महासमुंद। ग्राम खरोरा में विजयदशमी पर्व पर पारंपरिक रूप से रामलीला मंचन और रावण दहन हुआ। गांव के बच्चों ने राम दरबार और रामलीला के विभिन्न दृश्यों का मंचन किया। साथ ही रावण के पुतले का दहन किया गया। पर्व को लेकर ग्रामीणों में उत्साह रहा।

भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं को किया विसर्जित



नर्रा। ग्राम नर्रा में मांदर झांझ मंजिरा के थाप एवं जसगीतों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकाली। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। शीतला मंदिर तालाब में मां दुर्गा प्रतिमा सहित माता काली लक्ष्मी सरस्वती और गणेश इत्यादि की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



दशहरा कार्यक्रमों में शामिल हुए तुषार

महासमुंद। विजयादशमी पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ग्राम पिरदा, गुड़रूडीह, लहंगर, खरसा, सिरपुर एवं छपोराडीह में आयोजित दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ दशहरा पर्व की खुशियां साझा कीं। विभिन्न ग्रामों में आयोजित दशहरा कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अशवंत तुषार साहू ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, अन्याय और बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने का अवसर है। भगवान राम के आदर्श हमें सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी भारतीय परंपराओं को जीवंत रखते हैं और समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एवं एकता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

जसगीत और जयकारों के साथ मां दुर्गा को दी गई अंतिम विदाई



नर्रा। शारदीय नवरात्र पर्व समापन के बाद क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं और ज्योत जंवारा का विसर्जन शोभायात्रा गांव में निकाली गई। नौ दिनों तक माता की आराधना में लोग लीन रहे। इसी प्रकार ग्राम खट्टी में दो जगह विराजित मां दुर्गा सहित ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा में महिलाएं सफेद वस्त्र धारण कर सर पर ज्योत जंवारा लेकर श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली। विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तों ने नम आंखों से माता की विदाई और दुर्गा की प्रतिमाओं को तालाब में विसर्जित किया गया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम कोमाखान (बागबाहरा) में दशहरा पर्व पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर आयोजन समिति एवं स्थानीय युवाओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। युवाओं ने आतिशबाजी कर पालिका अध्यक्ष साहू का अभिनंदन किया और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नपाध्यक्ष ने कहा कि कोमाखान की इस धरती में अपनापन है, यहां के युवाओं में जो ऊर्जा और आयोजन के प्रति जो समर्पण है, वह काबिले तारीफ है। दशहरा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह हमें अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि कोमाखान के युवाओं ने जिस तरह इस कार्यक्रम को भव्य बनाया है, उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को ग्रामीणों ने खूब सराहा। देर रात तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं उपस्थित रहीं। पूरे माहौल में दशहरा पर्व की उमंग और उत्साह देखने को मिला।

समूह, युगल एवं एकल नृत्य श्रेणियों में शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा

भिथीडीह में डीजे डांस स्पर्धा, हरदी की चिन्हा टीम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंडा (पिथौरा)

क्षेत्र के ग्राम भिथीडीह में दुर्गा महाअष्टमी एवं नवरात्र पर्व पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने समूह,युगल एवं एकल नृत्य श्रेणियों में अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या काल में आंजनेय एवं प्रयास म्यूजिकल जगराता ग्रुप, बागबाहरा की प्रस्तुति के साथ हुआ। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक आयोजन में दर्शकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी (सीताराम) सिन्हा उपस्थित रहीं। विशिष्ट उपस्थिति में ग्राम पंचायत सरपंच प्रेमशिला (चक्रधर) ठाकुर, उपसरपंच शैलेंद्र डड़सेना, दुर्गा समिति अध्यक्ष ईश्वर कन्नौजे, समिति सदस्य टिकेश्वर डड़सेना, संतोष कन्नौजे, छन्नू कन्नौजे, ललित सिन्हा, गीतेश चौधरी, संरक्षक शैलेंद्र डड़सेना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अध्यक्ष हरि नेताम सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समूह नृत्य में हरदी के चिन्हा ने मारी बाजी

समूह डांस प्रतियोगिता में हरदी के चिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 25,000 की पुरस्कार राशि अपने नाम की। स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 15,000 तथा आर्यन डांस ग्रुप रायपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 10,000 का पुरस्कार जीता। इस श्रेणी के अन्य विजेताओं में हमर छत्तीसगढ़ को 7,000, शाइनिंग



डांस ग्रुप को 6,000, नित्या डांस ग्रुप को 5,000, एलडीएस डांस ग्रुप, रायपुर को 4,000, सांवरिया डांस ग्रुप सलखंड को 3,000, पुष्पांजलि डांस ग्रुप को 2,500, मन के मीत कसडोल को 2,100 तथा विंध्यवासिनी डांस ग्रुप को 1,500 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। द टाइगर ग्रुप बुंदेली एवं रिकोकला बॉयज को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

युगल नृत्य में पवन-हीना की जोड़ी प्रथम

युगल डांस प्रतियोगिता में पवन-हीना की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 8,000 का पुरस्कार जीता। शेखर-यश की जोड़ी 4,000 के साथ द्वितीय तथा भावेश-सोनिया की जोड़ी 3,000 के साथ तृतीय स्थान पर रही। चतुर्थ स्थान पर चुरकी-मुरकी की जोड़ी को 2,000,पंचम स्थान पर ए.आर. युगल को 1,500 तथा षष्ठम स्थान पर बेबी एंड स्वीटी की जोड़ी को 1,300 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

एकल नृत्य में सूरज निषाद रहे प्रथम

एकल डांस प्रतियोगिता में सूरज निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 4,000 का पुरस्कार जीता। जीवन साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 3,000 तथा काजल सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 2,000 की पुरस्कार राशि हासिल की। छोटा बाबू को 1,500, जान्हवी कसडोल को 1,200,मौसमी बेहरा को 1,100 तथा रवि राउलकेला को 1,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जीविका दास को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस तरह ग्रुप में 18 युगल में 11 तथा एकल के 16 प्रतिभागियों ने जौहर दिखाया।

कार्यक्रम का मंच संचालन रोशन यादव, नीलेश पटेल एवं मोहित निषाद ने किया। आयोजन शाम 7 बजे प्रारंभ होकर सुबह 11:30 बजे तक चला। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह,कला एवं सहभागिता की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने ग्रामीण अंचल में सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ ही नवरात्र पर्व के उत्साह को और बढ़ाया।

